प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति सं. 148 / 2025)

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण**

www.trai.gov.in

नई दिल्ली, 09-12-2025

तत्काल प्रकाशन हेतु

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने आंध्र प्रदेश में (आंध्र प्रदेश लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र के तहत) एलुरु शहर और उसके निकटवर्ती इलाकों में नेटवर्क गुणवत्ता का आकलन किया ।**

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने नवंबर 2025 के महीने के दौरान आंध्र प्रदेश में एलुरु शहर के व्यापक शहर मार्गों को कवर करते हुए आंध्र प्रदेश लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र (एलएसए) के लिए अपने स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) के निष्कर्ष जारी किए। भादूविप्रा क्षेत्रीय कार्यालय, हैदराबाद की देखरेख में आयोजित ये ड्राइव टेस्ट विविध उपयोग वातावरणों - शहरी क्षेत्रों, संस्थागत हॉटस्पॉट, ग्रामीण आवासीय इलाकों में रीयल वर्ल्ड मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन को कैप्चर करने के लिए डिज़ाइन किये गए थे ।

11 नवंबर 2025 से 13 नवंबर 2025 के बीच, भादूविप्रा की टीमों ने 348.6 किलोमीटर एलुरु सिटी ड्राइव टेस्ट और 8 हॉटस्पाट स्थानों पर विस्तृत टेस्ट किए। मूल्यांकन की गई तकनीकों में 2G, 3G, 4G और 5G शामिल हैं, जो विभिन्न हैंडसेट क्षमताओं में उपयोगकर्ताओं के सेवा अनुभव को दर्शाते हैं। आईडीटी के निष्कर्षों के बारे में सभी संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को पहले ही सूचित कर दिया गया है।

**मूल्यांकित प्रमुख पैरामीटर:**

क) वॉइस सेवाएं: कॉल सेटअप सक्सेस रेट (सी.एस.एस.आर.), ड्रॉप कॉल रेट (डी.सी.आर.), कॉल सेटअप टाइम, कॉल साइलेंस रेट, स्पीच क्वालिटी (एम.ओ.एस.), कवरेज।


ख) डाटा सेवाएं: डाउनलोड/अपलोड थ्रूपुट, लेटेंसी, जिटर, पैकेट ड्रॉप रेट तथा वीडियो स्ट्रीमिंग डिले ।


एलुरु शहर और आसपास के इलाकों में समग्र मोबाइल नेटवर्क निष्पादन का सारांश नीचे दिया गया है:

कॉल सेटअप सक्सेस रेट- ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप सक्सेस रेट क्रमशः100.00%, 92.84%, 100.00% और 96.90% है।

ड्रॉप कॉल रेट: ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का ड्रॉप कॉल रेट क्रमशः0.00%, 1.80%, 0.24% और 0.00% है।

**सीएसएसआर**: कॉल सेटअप सक्सेस रेट (% में), **सीएसटी**: कॉल सेटअप टाइम (सेकंड में), **डीसीआर**: ड्रॉप कॉल रेट (% में) और **एमओएस**: मीन ओपिनियन स्कोर




**सारांश - वॉइस सेवाएं**

**कॉल सेटअप सक्सेस रेट:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप सक्सेस रेट क्रमशः100.00%, 92.84%,100.00% और 96.90% है।

**कॉल सेटअप टाइम:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप टाइम क्रमशः 0.95, 2.42, 0.73 और 0.70 सेकंड है।

**ड्रॉप कॉल रेट:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का ड्रॉप कॉल रेट क्रमशः 0.00%, 1.80%, 0.24% और 0.00% है।

**कॉल साइलेंस/म्यूट रेट:** पैकेट स्विच्ड नैटवर्क (4G/5G). में एयरटेल, आरजेआईएल और वीआईएल की कॉल साइलेंस रेट क्रमशः0.00%, 3.85%, 0.00% और 0.64% है।

**मीन ओपिनियन स्कोर (एम.ओ.एस.):** एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का एमओएस क्रमशः 3.98, 2.56, 3.87 और 3.84 है।

**कमजोर सिगनल शक्ति :** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में कवर किए गए मार्गो पर एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल की कमजोर सिगनल शक्ति दर 3.42%, 20.12%, 4.11%, 14% रही।

**सारांश - डाटा सेवाएं**

**डाटा डाउनलोड निष्पादन (समग्र):** एयरटेल (5G/4G) की औसत डाउनलोड स्पीड151.23 Mbps, बीएसएनएल(4G/3G/2G) की 6.20 Mbps, आरजेआईएल (5G/4G) की 250.84 Mbps और वीआईएल (4G/2G) की औसत डाउनलोड स्पीड 22.87 Mbps है।

**डाटा अपलोड निष्पादन (समग्र)** एयरटेल (5G/4G) की औसत अपलोड स्पीड 21.61Mbps, बीएसएनएल(4G/3G/2G) की 4.89Mbps, आरजेआईएल (5G/4G) की 20.45 Mbps और वीआईएल (4G/2G) की औसत अपलोड स्पीड 4.85 Mbps है।

**लेटेंसी (समग्र):** एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल की लेटेंसी क्रमशः 45.12 ms, 41.87 ms, 23.21 ms, 57.05 ms है।

| **डाटा निष्पादन -** | **हौट स्पॉट (*Mbps* में):** | |
|---|---|---|
| एयरटेल - | 4G D/L: 24.68 | 4G U/L: 10.94 |
| | 5G D/L: 131.67 | 5G U/L: 24.45 |
| बीएसएनएल - | 4G D/L: 5.91 | 4G U/L: 12.70 |
| आरजेआईएल - | 4G D/L: 51.37 | 4G U/L: 9.11 |
| | 5G D/L: 315.86 | 5G U/L: 21.59 |
| वीआईएल - | 4G D/L: 21.18 | 4G U/L: 5.87 |

***नोट - "D/L" डाउनलोड स्पीड "U/L" अपलोड स्पीड***

एलुरु शहर में, नेटवर्क के मूल्यांकन में नरसापुर, दग्गुलुरू, भीमावरम, पिप्पारा, ताडेपल्लीगुडेम, गुंडुगोलानु, जंगारेडिगुडेम, चिंतलपुडी, लिंगापालेम, विजयारी, डेंडुलुरू, पांगिडिगुडेम, कामवरपु, कैकलुरू, कालिंदी और मोगलतुरू जैसे उच्च घनत्व वाले इलाके शामिल थे।

भादूविप्रा ने 1. ए.पी.एस.आर.टी.सी. बस स्टैंड, नरसापुरम, 2.कलेक्टर ऑफिस, एलुरु, 3.सी.आर. रेड्डी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, एलुरु, 4.एलुरु बस स्टेशन, 5.एलुरु रेलवे स्टेशन, 6.गवर्मेन्ट हॉस्पीटल एलुरु, 7.जंगारेड्डीगुडेम बस स्टैंड, 8.सोमारामम श्री सोमेश्वर स्वामी मंदिर में वास्तविक स्थितियों का भी मूल्यांकन किया ।

ये टेस्ट वास्तविक समय वातावरण में भादूविप्रा द्वारा सुझाए गए उपकरणों की सहायता से मानकीकृत प्रोटोकॉल का उपयोग करते हुए आयोजित किए गए थे। विस्तृत रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध है। किसी भी स्पष्टीकरण/जानकारी के लिए, श्री बी. प्रवीण कुमार, सलाहकार (क्षेत्रीय कार्यालय, हैदराबाद) भादूविप्रा से ईमेल adv.hyderabad@trai.gov.in या टेलीफोन नं 91-40-23000761 पर संपर्क किया जा सकता है।

**(बी. प्रवीण कुमार)**

सलाहकार, भादूविप्रा क्षे.का., हैदराबाद